भूगोल : अर्थ एवं विषय क्षेत्र

1. भूगोल का जनक किसे कहा जाता है ?
(अ) हेरोडोटस (ब) एनेक्जीमेण्डर
(स) ईरेटोस्थनीज (द) हिकैटियस
उत्तर : (द)

2. भूगोल को एक अलग अध्ययन शास्त्र के रूप में स्थापित करने का श्रेय निम्न में से किस विद्वान को है ?
(अ) ईरेटोस्थनीज (ब) हिप्पार्कस
(स) हिकैटियस (द) हेरोडोटस
उत्तर : (अ)

3. भूगोल के लिए 'ज्योग्रैफिका' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?
(अ) हिकैटियस (ब) हेरोडोटस
(स) ईरेटोस्थनीज (द) एनेक्जीमेण्डर
उत्तर : (स)

4. 'ज्योग्राफी' के शाब्दिक अर्थ के आधार पर भूगोल की परिभाषा की गई है–
(अ) भूगोल वह विज्ञान है जो पृथ्वी के धरातल का अध्ययन करता है
(ब) भूगोल वह विज्ञान है जो पृथ्वी तथा मानव के अंतर्सबंधों का अध्ययन करता है
(स) भूगोल वह विज्ञान है जो मानवीय एवं प्राकृतिक विषमता का अध्ययन करता है
(द) इसमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

5. ''भूगोल पृथ्वी को केन्द्र मानकर अध्ययन करने वाला विज्ञान है'' यह किसका कथन है ?
(अ) टॉलमी (ब) कांट
(स) वारेनियस (द) टेलर
उत्तर : (स)

6. ''भूगोल भूतल का अध्ययन है'' यह कथन किसका है ?
(अ) टॉलमी (ब) कांट
(स) वारेनियस (द) हम्बोल्ट
उत्तर : (ब)

7. भौगोलिक विचारधाराओं में 'नवनियतिवाद' की विचारधारा का प्रवर्तक कौन है ?
(अ) फ्रैडरिक रेटजेल (ब) ग्रिफिथ टेलर
(स) फ्रेबे (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

8. 'स्थलरूप संरचना, प्रक्रम तथा अवस्था का प्रतिफल होता है'' यह कथन किसका है ?
(अ) वाल्टर पेंक (ब) डब्ल्यू.एम. डेविस
(स) एल.सी. किंग (द) पेल्टियर
उत्तर : (ब)

9. भू–आकृति विज्ञान का जन्मदाता किसे माना जाता है ?
(अ) डेविस (ब) पेषेल
(स) पेंक (द) हट्टन
उत्तर : (ब)

10. भूगोल को 'मानव पारिस्थितिकी' के रूप में परिभाषित करने वाला विद्वान कौन है ?
(अ) ब्लॉश (ब) जीन ब्रूंश
(स) हेटनर (द) एच.एच. बैरोज
उत्तर : (द)

11. गणितीय भूगोल का जन्मदाता कौन है ?
(अ) थेल्स (ब) टॉलमी
(स) स्ट्रेबो (द) थियोफ्रेस्टस
उत्तर : (अ)

12. 'क्षेत्रीय भूगोल' का पिता निम्न में से किस भूगोलवेत्त को कहा जाता है ?
(अ) कार्ल रिटर (ब) एच.जे. हरबर्टसन
(स) फ्रेडरिक रैटजेल (द) हम्बोल्ट
उत्तर : (अ)

13. मानव भूगोल का संस्थापक निम्न में से किसको कहा जाता है ?
(अ) ब्लॉश (ब) हम्बोल्ट
(स) कार्ल रिटर (द) जीन ब्रूंश
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com